>

Title: Need to connect Sagar in Madhya Pradesh with domestic air service.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): मेरे लोक सभा क्षेत्र का मुख्यालय सागर, बुन्देलखंड का संभागीय मुख्यालय है। इसके विकास के लिये यह आवश्यक है कि बुन्देलखंड का औद्योगिक विकास हो। सागर में सेना की छावनी है, केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, मेडीकल कॉलेज है और पुलिस प्रशिक्षण हेतु पुलिस अकादमी है। सागर से लगे क्षेत्र बीना में बीओआरएल रिफायनरी आदि हैं। सागर में बहुत पहले से एयर स्टिक हवाई पट्टी है। इसलिए हवाई पट्टी का विकास कर उसको डोमेस्टिक स्तर के विमानों की उड़ानों के योग्य बनाकर, सागर को हवाई सुविधाओं से जोड़ा जाये जिससे कि सागर का औद्योगिक विकास हो सके।